# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817

पत्रांक 848 / W-16 / 73 दिनांक– 9.5.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **ई–समाचार पत्र स्वतंत्र प्रभात में दिनांक 09 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में हर घर नल योजना फ्लाप, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र स्वतंत्र प्रभात में दिनांक 09 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "**फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में हर घर नल योजना फ्लाप, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन**" के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

1. फ्लोराइड युक्त व नदी नाले का पानी पीने को विवश, कार्यदयी संस्था के प्रति लोगों को फूट गुस्सा।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत कचनरवा के टोला कचनरवा, असनाबांध ग्राम चांचीखुर्द, नकतवार, मिश्री, खरौंधी, रोरवा, किशुनपुरवा,, ललकीदामर, कचनरवा, असनाबांध, बड़ाप, रोहिनवादामर, नराईयादामर, मधुरी, बागेसोती, सिंगा, कुड़वा, के धैरवादामर, शिवाखाड़ी डीलवाहा, गोबरदाहा, पीपरखाड़ बिछमरवा, धंगरडिहा, कचनरवा मुख्य बाजार आदि ग्रामों/बस्तियों हेतु जल जीवन "हर घर जल" योजनान्तर्गत हर्रा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना (सर्फेस सोर्स आधारित) का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर के माध्यम से कराया गया था। योजनान्तर्गत इण्टेकवेल का निर्माण कार्य सोन नदी में कराया गया था। नदी की धारा प्राकृतिक रूप से योजना पर निर्मित इण्टेकवेल से लगभग 400 मी0 दूर चली गयी है, जिस कारण योजना को नदी से रॉ–वाटर प्राप्त नही होने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी थी। वर्तमान में नदी में सैण्ड ड्रेजिंग एवं अस्थाई चैनेज का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अस्थाई चैनेज एवं सैण्ड ड्रेजिंग का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त योजना से जलापूर्ति किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।


(हस्ताक्षर)
अधिशासी अभियन्ता


09-May-2026 08:29:33
Unnamed Road
Harra
Mirzapur Division
Uttar Pradesh
0:38
0:41


09-May-2026 08:29:21
Unnamed Road
Harra
Mirzapur Division
Uttar Pradesh
0:26
0:41


09-May-2026 08:29:10
Unnamed Road
Harra
Mirzapur Division
Uttar Pradesh
0:15
0:41

# फ़्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में हर घर नल योजना फ्लाप, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन





फ्लोराइड युक्त व नदी नाले का पानी पीने को विवश , कार्यदायी संस्था के प्रति लोगों का फूटा गुस्सा

BY राजेश तिवारी
PUBLISHED ON MAY 09, 2026 01:08 PM IST

***ब्यूरो रिपोर्ट***

***कोन/ सोनभद्र -***

जनपद के नव सृजित विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन हर्रा कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत हर घर नल योजना धरातल पर धाराशायी साबित हो रहा है ।गौरतलब है कि कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हुआ महज खानापूर्ति किया गया है। जिसके क्रम में ग्रामीणों ने कई बार प्रदर्शन किया किन्तु कोई सफलता नहीं मिली। बतातें चलें कि कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लि. के द्वारा खबर प्रकाशित होने के बाद सड़क किनारे किनारे पाईप ढकने और नल कनेक्शन मरम्मत करने का कार्य शुरु तो किया गया था किन्तु कार्य पूरा नहीं हो सका ।






**Read More** अब प्रीपेड नहीं पोस्टपेड मोड में मिलेगा बिजली बिल:सांसद

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि डीआईपाईप लाइन, एचडीपी, एमडीपीई पाईप लाईन की गहराई और कार्य की गुणवत्ता जो जगह जगह देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन वर्षो से नलों से एक बूंद पानी नहीं आया जबकि फ़्लोरोसिस प्रभावित कचनरवा , कुड़वा क्षेत्र में हर घर नल योजना लोगों के लिए वरदान की जगह अभिशाप साबित हो रहा है।



**Read More** दुद्धी पुलिस ने अलग-अलग मुकदमें में वांछित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायालय





**Read More** हाफिज मुन्ना शाह का दो दिवसीय उर्स संपन्न,

बतातें चलें कि कचनरवा के टोला असनाबांध लिंक रोड वार्ड नंबर 3 में वर्षो से ऊपर हो गया है किन्तु आज तक जलापूर्ति नहीं हो पायी और न ही समस्या का निस्तारण हुआ। जबकि पानी के लिए लोग समय समय पर कई बार ग्रामीण प्रदर्शन कर चुके हैं फिर भी विभाग व संस्था के कान तक जूं तक नहीं रेंगा।



ग्रामीणों का कहना है कि लगभग वर्षो से फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में पानी आपूर्ति नहीं की जा रही है जो गरीब आदिवासियो के लिए बहुत ही पीड़ादायक है यहाँ तक कि लोगों के घरों तक नल कनेक्शन तक नहीं है । जिसके क्रम में ***वरिष्ठ समाजसेवी*** बिहारी प्रसाद यादव का आरोप है कि क्षेत्र में आज भी लोग लोग नदी नाले , चुहाड़ का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं । जिससे लोग आय दिन फ्लोरोसिस की चपेट में आने से काल के मुँह में समा जा रहे हैं जो लोगों के लिए अभिशाप से कम नहीं है ।



उन्होने आगे कहा कि ऐसे भ्रष्ट संस्था को तत्काल ब्लैक लिस्टेड की जाये ताकि सरकार की छवि धूमिल न हो ।बतादें कि अभी तक बहुतायत में लोगों के घरों में नल कनेक्शन तक नहीं है जो स्वत:जाँच का विषय है। ग्रामीणों का आरोप है कि फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में वर्षो से जलापूर्ति ठप है और वहीं संबंधित संस्था के द्वारा गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है।

पूर्व में उक्त संस्था द्वारा पूर्व में सड़क तरफ पानी देकर खानापूर्ति किया जाता रहा वहीं सच्चाई है कि गांवों के लिंक रोड़ों तक पानी गया ही नहीं । इसी तरह कोन क्षेत्र के चांची खुर्द, नकतवार , मिश्री , खरौंधी , रोरवा, किशुनपुरवा, ललकीदामर, कचनरवा, असनाबांध ,बड़ाप, रोहिनवादामर् , नरोईयादामर, मधुरी ,बागेसोती , सिंगा , कुड़वा के धौरवादामर्, शिवाखाडी , डीलवाहा, गोबरदाहा , पीपरखाड़, बिछमरवा, धंगरडिहा ,कचनरवा मुख्य बाजार,

असनाबांध वार्ड -3, बड़ाप , बागेसोती, सिंगा, डुबवा , धौरवादामर , सेमरवादामर , गोबरदाहा, डीलवाहा, शिवाखाड़ी , धीचोरवा, , बिछमरवा , केवाल , डोमा, मिश्री, बहुआरा , सहित कई गांवों में हर घर नल योजना के तहत पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसका जीता जागता उदाहरण डब्लूटीपी से सटा गाँव बड़ाप है।

विडंबना है कि आज तक क्षेत्रों में कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हो सका। वहीं असना बांध वार्ड -3 में वर्षो से जलापूर्ति ठप है। सबसे बड़ा सवाल है कि भारत सरकार व प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री की सबसे महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे जल जीवन मिशन के संबंधित कार्यदायी संस्था के उदासिनता व मनमानी पूर्ण कार्य प्रणाली के कारण लोगों तक एक बूंद पानी नशीब नहीं हो रहा है बल्कि उनकी योजना को ठेंगा दिखाया जा रहा है, जो बेहद शर्मनाक है।

जिसके क्रम में शनिवार को ***क्षेत्र पंचायत सदस्य*** लाल बहादुर चौधरी की अगुवाई में असनाबांध में ग्रामीणों ने जल निगम व संबंधित संस्था के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए संस्था को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग व अन्य एजेन्सी से कार्य कराकर तत्काल जलापूर्ति कराने की मांग किया है ।